## त्यौहारों को लेकर प्रशासन चौकस, शांति समिति की बैठक



**गाडरवारा, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय के सभागार में होली, रमजान, नवरात्रि और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, एसडीएम कलावती ब्यारे, डीएसपी रत्नेश मिश्रा, टीआई विक्रम रजक, सीएमओ वैभव देशमुख, विद्युत विभाग के शुभम मेहरा सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारिक वर्ग, मीडिया, एडवोकेट और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। प्रमुख 10 स्थानों को ऑटो स्टैंड के रूप में चिन्हित किया जाएगा ताकि आवागमन सुचारू रहे। सड़कों पर अनावश्यक भीड़भाड़ न हो, इसके लिए नगर पालिका और पुलिस का संयुक्त दल बनाया जाएगा।

प्रशासन ने होली के पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। अस्पताल, विद्युत विभाग, नगर पालिका और पुलिस विभाग को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। शहर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कुछ कैमरे जो बंद पड़े हैं, उन्हें जल्द चालू करने और नए स्थानों पर कैमरे लगाने की योजना बनाई गई।

बैठक में तय किए गए निर्णयों की आगामी बैठक में समीक्षा की जाएगी। सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए और प्रशासन ने त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## आधार कार्ड बनवाने उमड़ी भीड़

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव नगर में आधार कार्ड बनवाने के लिए इन दिनों हाहाकार मचा हुआ है। पोस्ट ऑफिस कार्यालय से लेकर मोटर स्टैंड तक लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।



सुबह 3 बजे से लोग अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए लाइन में लगने मजबूर हैं, लेकिन हालात यह हैं कि जिम्मेदार अधिकारी अपने एसी कमरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं। भीषण धूप और घंटों की मशक्कत के बावजूद आमजन को राहत दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

केंद्र पर सैकड़ो लोगों की भीड़ रहती है और एक दिन में सिर्फ 20 टोकन ही दिए जाते हैं।जिससे छोटे छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं परेशान होती हैं। मीडिया द्वारा लगातार इस अव्यवस्था और आमजन की पीड़ा को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है परंतु प्रशासन द्वारा समस्या का समाधान न होने से लोगों में रोष व्याप्त है।



## रमजान के पहले जुमा में अमनो अमान के लिए मांगी दुआएं

**गाडरवारा, देशबन्धु ।** रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों ने सजदा कर अल्लाह से अमनो अमान के लिए दुआ मांगी । शुक्रवार को जामा मस्जिद ,फैजान ए मदीना, छोटी मस्जिद में नमाजियों की भारी संख्या रही । रमजान में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर इबादत में लगे हुए है ।

जुमा के दिन रोजा इफ्तार का मंजर भी देखने काबिल रहा। सभी लोगों ने खुशनुमा अंदाज के साथ पहले जुमे पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए रोजा इफ्तार किया । मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह शहरी करने के उपरांत दिनभर रोजा रखकर शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजा इफ्तार करते हैं । रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग कसरत के साथ इबादत में जुटे हुए हैं ।

## सार-समाचार

### प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में स्थानीय परीक्षाएं प्रारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्रीय शासकीय एवं माध्यमिक स्कूलों मे राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार गत गुरुवार से कक्षा 3, 4, 6 एवं 7 वी की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गईं हैं। ये परीक्षा 12 मार्च तक होंगी उसके उपरांत अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद रिजल्ट घोषित हो जायेंगे।

विदित हो कि ये परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक की पाली मे आयोजित हो रही हैं। पहले दिन बच्चों ने हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हल किया।

### पांचवीं-आठवीं का मूल्यांकन आज से

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आज 8 मार्च दिन शनिवार से 5 वी एवं 8 वी वार्षिक परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो रहा हैं। विदित हो कि उक्त मूल्यांकन हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए स्थानीय बीटीआई स्कूल एवं चीचली ब्लॉक के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया हैं एवं मूल्यांकन केंद्र अध्यक्ष एवं सहायको सहित स्ट्राग रूम प्रभारी, प्रत्येक विषय के हेड वेलुअर व मूल्यांकन कर्ताओ के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### विक्रमोत्सव उज्जैन में सुमित के बुंदेली शिव भजनों पर झूमे श्रोता



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन उज्जैन द्वारा आयोजित एक माह तक चलने वाले विक्रमोत्सव 2025 के सांस्कृतिक आयोजन आदि अनादि पर्व कार्यक्रम में जिले के बुन्देली लोककलाकार सुमित दुबे ने अपने साथी कलाकार नरेंद्र रावल,अंकित दुबे,प्रतीक दुबे,दशरथ मेहरा के साथ महाकाल मंदिर परिसर(महाकाल लोक कॉरिडोर) में अपने शिव केंद्रित सुमधुर पारंपरिक बुन्देली भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित कलाप्रेमियों को थिरकने और नाचने झूमने पर मजबूर कर माहौल प्रफुल्लित बना दिया। ज्ञात हो कि एक माह तक चलने वाले विक्रमोत्सव में प्रतिदिन देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजित होती है। प्रदेश व देश के विभिन्न मंचो पर अपने बुन्देली गीतों की प्रस्तुति देने वाले अनेक महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त लोककलाकार पं. सुमित दुबे की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए इष्ट मित्रो व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी को कंट्रोल रूम स्थापित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के खराब होने व जल स्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0779-230210 है। नियंत्रण के प्रभारी श्री आशीष नेमा को बनाया गया है। श्री नेमा का मोबाइल नंबर 6263009411 है।

### नोनी करेली सड़क मार्ग गड्ढों में तब्दील

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव के रिमझा चौराहा से नोनी करेली गांव तक डामरीकरण सड़क का निर्माण होने के बाद भी गड्ढों में तब्दील हो गया है।कई स्थलों पर गड्ढे इतने अधिक हो गए है कि वहां से वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कुछ हिस्से में गड्ढो खतरनाक हालत में पहुंच चुके हैं। किसानों के द्वारा सिंचाई के दौरान मिट्टी डामरीकरण सड़क पर दलदल बन कर फैल जाने से दो पहिया वाहन फिसलने का डर बना रहता है। इस सड़क की हालत खराब हो जाने से गांव से आने वाले लोगों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क पर बनी पुलिया टूट गई है और सड़क के बीच में गड्ढा हो गया है जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्राम वासियों ने जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है।



## साहिल सोनी को मिलेगा पंख खेल उपलब्धि पुरुस्कार



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** व्हालीबाल छात्रावास नरसिंहपुर एवं नेहरू उ मा वि के छात्र साहिल सोनी अपनी खेल उपलब्धियों के लिए 8 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में भोपाल में बंसल न्यूज़ ग्रुप एवं रवींद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा भोपाल के जहांनुमा पैलेस होटल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होंगे। साहिल को 50 हजार प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

मध्यप्रदेश वॉलीबाल संघ के संभागीय सचिव साहिल सोनी पंख खेल उपलब्धि पुरुस्कार को मिलेगा। मनीष कटारे ने बताया नरसिंहपुर जिले के चीचली निवासी सुनील सोनी एवं सुनीता सोनी के पुत्र साहिल पिछले तीन वर्षो से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। साहिल के पिता एवं भाई शोभित भी वालीबाल के उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं एवं चीचली में कोचिंग करते हैं।

साहिल की सफलता पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष जालम सिंह पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अजय प्रताप पटैल, विक्रांत पटैल, अजीत ठाकुर, जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्यौहार, जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर, नेहरू उ मा वि प्राचार्य एके चौबे एवं इंद्रभूषण सिंह, लीलाधर पटैल मृदुलेश दुबे, सन्तोष राजपूत, एसएन मिश्रा, प्रमेश शर्मा, नृपेंद्र शर्मा, योगेशशर्मा, आरबी उइके, भूपेश पटैल, रघुवीर पटैल विजय विश्वकर्मा, मुकेश पटैल, अनुज जैन, योगेश सोनी, अर्पित सक्सेना, सतीश बैस, पंकज नेमा, आशीष नामदेव, दिग्विजय रघुवंशी, उमाशंकर छिरा, गेंदालाल पटैल आदि ने बधाइयां दीं हैं।

## लोधी समाज ने किया प्रहलाद पटेल के समर्थन में प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को जनपद काम्प्लेक्स परिसर में प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान के समर्थन में और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोधी समाज के साथ भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने श्री पटेल के समर्थन में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरना सभा के बाद सुभाष पार्क चौराहे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। साथ ही राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जीतू पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई।

उक्त मौके पर धरना सभा में अनेक वक्ताओं ने कहा कि प्रहलाद पटेल ने हमेशा आर्दश सिद्धांत की राजनीति की है। वो विकास को सर्वोपरि मानते है किन्तु अफसोस का विषय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रानी अवंती बाई के कार्यक्रम में प्रहलाद पटेल के बयान को तोड़ मड़ोकर पेश कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। साथ ही श्री पटवारी ने रानी अवंती बाई का अपमान किया है। श्री पटवारी को माफी मांगना चाहिए।





### पुतला दहन कर कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

इस मौके पर धरना सभा को तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, डॉ. वीरेन्द्र सिंह पटेल, सुनील पटेल, बसंत तिगनाथ, ओंमकार सिंह पटेल, ठाकुर हेमंत सिंह, सुषमा रैकवार, नीलेश काकोड़िया, महेन्द्र सिंह, संदीप पलोट, सुनील कोठारी, सुरेश नेमा, अशोक वर्मा, डॉ. अनंत दुबे के अलावा अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी एवं आभार प्रदर्शन जिला लोधी समाज के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल के अलावा बड़ी संख्या में जिला लोधी, लोधा, लोध क्षत्रीय समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं सुभाष पार्क चौराहे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग की गई है कि सम्पूर्ण देश में लोधी लोधा लोध समाज का अपमान हुआ है इसलिये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, लोधी लोधा लोध समाज से मांफी मांगे।

जानबूझकर समाज में भ्रम फैलाने षड्यंत्र करने का मामला दर्ज किया जाये। मामला अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी के अपमान का है, लोधी लोधा लोध समाज के स्वभिमान का है। इसलिये गंभीरता से विचार करते हुये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर 3 दिवस में कठोर कार्यवाही की जाए।

## संघर्षों से घबराए बिना स्वयं को मजबूत करें : कलेक्टर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** कलेक्टर शीतला पटले के मुख्य आतिथ्य व पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के विशिष्ट आतिथ्य में शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया।

उल्लेखनीय है कि शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला सशक्तिकरण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण सप्ताह कार्यक्रम महाविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस के अंतर्गत आयोजित किया जाता है।



कार्यक्रम में कलेक्टर पटले ने राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु व बछेंद्री पाल जैसी महिलाओं की जीवन गाथा का वर्णन करते हुए जीवन के संघर्षों से ना घबराकर अपने जीवन को सफलतापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा दी। ऐसे अनेक उदाहरण है जिसमें महिलाओं ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं।

कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को अपनी एक नई पहचान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनका सशक्तिकरण करने और लैंगिक समानता के उद्देश्य को लेकर पूरी मनाया जाता है।

पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने छात्राओं को शिक्षा प्राप्त कर अपने भावी जीवन को संवारने की सलाह दी। संध्या कोठारी ने भारत की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं भारत की महान विदुषियों, नेत्रियों एवं कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व प्राचार्य के जीवन से प्रेरणा लेने एवं उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य कृष्णा शर्मा ने भारतीय वीरांगनाओं के चरित्र का वर्णन और उन्हें नमन करते हुए कहा कि छात्राओं को भावी जीवन में इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. यतींद्र महोबे ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई और उनकी व्याख्या की।

## तुम्हारी फैमिली का गंदा वीडियो हो जाएगा वायरल, इस मैसेज से रहो सावधान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साइबर क्राइम के हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। इस बार ठगों ने अलग तरीका खोज रहे है। लोगों के वाट्सएप पर अनजान नंबर से मैसेज आता है, जिसमें लिखा होता है कि %तुम्हारी फैमली का वीडियो वायरल हो जाएगा, वीडियो देखो और पैसे भेजो। इस मैसेज के बाद यदि एपीके फाइल डाउनलोड करते है तो उनका फोन हैक हो जाता है। कुछ युवकों ने बताया कि वे फोन पर कोई भी ऐप खोल रहे हैं, तो फोन हैक हो रहा है। फोन काफी धीरे चल रहा है।

साइबर अपराधी आमतौर पर मोबाइल हैकिंग के लिए मॉडिफाइड पीडीएफ फाइल, रैट फाइल, हैकिंग लिंक, एसएमएस फारवर्डर एपीके और फिशिंग भेजकर टारगेट डिवाइस को एक्सेस कर लेते हैं। इसके बाद सेटिंग्स में छेड़छाड़ कर डेटा चोरी और मॉडिफिकेशन कर डिवाइस को रिमोटली कंट्रोल करते हैं। किसी भी डिवाइस की बिना अनुमति एक्सेस ही हैकिंग कहलाती है।

### लिंक खोलते ही हो जायेगा फोन हैक

#### ऐसे रखें फोन सुरक्षित

फोन को अपने फेस, फिंगर, पैटर्न या पिन से लॉक करें। पासवर्ड मजबूत रखें। एप्स पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन यूज करें। वीपीएन का इस्तेमाल करें। पब्लिक वाईफाई इस्तेमाल करने से बचें। ऑफिशियल एप स्टोर से ही एप्स डाउनलोड करें। फोन डेटा का बैकअप रखें। एप्पल यूजर्स को आइओएस की सुविधा। पुराने एप्स को अनइंस्टाल करें या फिर अपडेट रखें।

#### यह होता है, मोबाइल हैकिंग से

व्यक्ति का सेंसिटिव डेटा कोई दूसरा चोरी कर सकता है। फोन की बातचीत कोई तीसरा टेप कर सकता है। कैमरा और माइक्रोफोन तक एक्सेस हो सकते हैं। मोबाइल में मौजूद फोटो-वीडियो का दुरुपयोग हो सकता है। बैंक खाते, जरूरी भुगतान की जानकारी लीक हो सकती है।

सावधान रहिए

अगर किसी भी अनजान नंबर से इस तरह का मैसेज आए, तो उसे फौरन ब्लॉक करें। नजदीकी पुलिस थाने में तत्काल इसकी शिकायत दर्ज कराएं।

अगर एप डाउनलोड कर लिया हो, तो फोन को रीसेट कर लें। फोन में जीमेल और पैसे ट्रांजेक्शन एप का पासवर्ड बदल दें। सेटिंग में ऑटोमेटिक इंस्टॉल ऑप्शन लॉक रखें। रेगुलर स्कैन करें। जब इंटरनेट की जरूरत नहीं हो तो बंद कर दें।

वाट्सएप में सेटिंग्स पर जाकर मीडिया का आटो डाउनलोड ऑप्शन बंद करके रखें। ठगी हो जाने की स्थिति में तुरंत अपना खाता ब्लॉक करें। बैंक में रजिस्टर्ड नंबर से 1930 पर कॉल करके सूचित करें। सुरक्षा के लिए अपनी ईमेल का पासवर्ड और सभी ट्रांजेक्शन एप जैसे यूपीआई और डेबिट कार्ड का पिन बदल दें। किसी भी परिस्थिति में डरें नहीं, न ही किसी तरह के लालच में फंसे। किसी भी हाल में अपराधियों को पैसे नहीं भेजें।

## लापरवाही से वाहन चलाने वाले को न्यायालय उठने तक का कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगाव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के प्रकरण में आरोपी दुर्गाप्रसाद ठाकुर निवासी-नूरी मोहल्ला मोहल्ला थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए भा.द.वि. की धारा 279 भादवि 146/196, 184 मोटरयान अधि0 के अपराध में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं क्रमशः 500 1000 व 500- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।




मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए